## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सिल्वेस्टर पर लगा 'तुलसा किंग' के कलाकारों का अपमान करने का आरोप

हॉलीवुड अभिनेता और फिल्ममेकर सिल्वेस्टर स्टेलोन पर पैरामाउंट प्लस सीरीज 'तुलसा किंग' के अटलांटा सेट पर अन्य अभिनेताओं के बारे में अपमानजनक



टिप्पणियां करने का आरोप लगा है। आरोप लगा कि उन्होंने सेट पर टॉक्सिक माहौल बनाया। कहा गया है कि 'तुलसा किंग' के कास्टिंग निर्देशक रोज लॉक ने सीरीज छोड़ दी है। सिल्वेस्टर के प्रतिनिधियों ने टिप्पणी के पर जवाब नहीं दिया। 'तुलसा किंग' को 'येलोस्टोन' के सुपरस्टार श्रोता टेलर शेरिडन ने बनाया था। वर्तमान में वे अटलांटा में अपने दूसरे सीजन की शूटिंग कर रहे हैं। 'तुलसा किंग' का सीजन 1 का प्रीमियर नवंबर 2022 में हुआ था, जो ओक्लाहोमा में फिल्माया गया था, जहां शो सेट है। कहा जाता है कि पैरामाउंट प्लस को आरोपों की जानकारी है। रोज लॉक ने बताया कि उन्होंने शो से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि सेट पर काफी टॉक्सिक माहौल था। सिल्वेस्टर के खिलाफ जिन दावों पर अन्य अभिनेताओं के बीच चर्चा छिड़ गई, उन्हें टीवी लेखिका जूली बेन्सन ने सोशल मीडिया पर साझा किया। 8 अप्रैल को जूली ने एक्स पर दो स्क्रीनशॉट पोस्ट किए और लिखा, 'यह परेशान करने वाली खबर मेरे अटलांटा मित्र से मिली, जिसकी पृष्ठभूमि इस सप्ताह तुलसा किंग से है। कास्टिंग एजेंट ने नौकरी छोड़ दी, क्योंकि वह बहुत निराश थी। मेरा दोस्त अब काम करने को लेकर चिंतित महसूस कर रहा है। सिल्वेस्टर आपको अपने बारे में क्या कहना है सर? निराश होने के अलावा, मैं गुस्से में हूं।' स्क्रीनशॉट में एक फेसबुक पोस्ट था, जिसमें एक आरोप का जिक्र किया गया था कि स्टैलोन को शो के निर्देशक से यह कहते हुए सुना गया था, इन बदसूरत कलाकारों के साथ क्या हो रहा है। उन्होंने कलाकारों को बदसूरत और मोटा व्यक्ति कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे आसपास रहने के लिए युवा सूंदर लड़कियां लेकर आओ। फेसबुक पोस्ट में कहा गया है कि रोज लॉक ने शो से इस्तीफा दे दिया है और इसका हम समर्थन नहीं करते, यह कलाकारों का अनादर है।

### टॉलीवुड

## 'वेट्टैयन' में विलेन का किरदार निभाने होगी राणा की एंट्री

सुपरस्टार रजनीकांत अपनी आने वाली फिल्म 'वेट्टैयन' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह एक मल्टीस्टारर फिल्म है। इसी बीच फिल्म को लेकर एक अफवाह सोशल मीडिया पर फैल रही है। इस अफवाह से ही दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म में अभिनेता राणा दग्गुबाती के किरदार को लेकर काफी चर्चा चल रही है। कहा जा रहा है कि राणा



दग्गुबाती विलेन का किरदार निभाते दिखेंगे। उनका किरदार बेहद खतरनाक होने वाला है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म सामाजिक मुद्दे पर आधारित है। इसका निर्देशन टीजे ग्नानवेल कर रहे हैं। फिल्म में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा फहद फासिल, दुशारा विजयन, रितिका सिंह और मंजू वारियर भी मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे। 'वेट्टैयन' में जाने-माने संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर की धुनें भी सुनने को मिलेगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर से रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इससे पहले दोनों को साल 1991 में रिलीज हुई फिल्म 'हम' में देखा गया था। मेकर्स ने कुछ दिन पहले ही फिल्म का एक नया पोस्टर साझा किया था। इसके साथ बताया गया था कि फिल्म 'वेट्टैयन' अक्तूबर 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### छॉलीवुड

## प्रणव झा की बीए फाइनल ईयर आज आएगी बड़े पर्दे पर



प्रणव झा निर्देशित "बीए फाइनल ईयर" 19 अप्रैल को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर पिछले दिनों रिलीज हुआ था। ट्रेलर रिलीज होने के बाद यह तो साफ हो गया था कि दर्शकों को फिल्म में साउथ इंडियन अभिनेत्री और छत्तीसगढ़िया हीरो की जुगलबंदी देखने को मिलेगी। फिल्म में अभिनेता मन कुरैशी और अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल की जोड़ी भी बेहद आकर्षक लग रही है। फिल्म अभिनेता मन कुरैशी नगर निगम की गाड़ी में कचरा ढोने का काम करते हैं साथ ही साथ उस कॉलेज में पढ़ाई करते हैं जिस कॉलेज में साउथ इंडियन अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल भी अध्यनरत है। छत्तीसगढ़िया हीरो को साउथ इंडियन लड़की से प्यार हो जाता है और उनके प्यार में आडे आती है साउथ इंडियन लड़की की मां। फिल्म की कहानी कुछ हद तक कमल हासन और रति अग्निहोत्री की 'एक दूजे के लिए' की याद दिलाती है। हालांकि पूरी कहानी का खुलासा तो फिल्म के रिलीज होने के बाद ही होगा। बीए फाइनल ईयर का ट्रेलर सुंदरानी यूट्यूब चैनल पर बड़ी तादाद में व्यू बटोर रहा है। फिलहाल फिल्म के रिलीज होने पर ही साफ होगा कि दर्शक कितना प्यार लुटाते हैं।

लाइफ स्टाइल

यूनिक स्टाइल



न्यूयार्क फैशन वीक में डिजाइनर कोशिश करते हैं कि उनकी दी हुई डिजाइन अनूठी हो। अलग-अलग थीम पर तैयार ड्रेस के साथ मॉडल रैम्प पर उतरते हैं। पिछले दिनों यहां यूनिक स्टाइल पर हुए शो से पहल सारे मॉडल एक साथ नजर आ रहे हैं। सभी किसी एक डिजाइनर की नहीं बल्कि अलग-अलग डिजाइनर के कलेक्शन के साथ स्टेज पर नजर आए।

## कर्ली हेयर को स्ट्रांग और शाइनिंग बनाने जानें उपाय



मौसम कोई भी घुंघराले बालों को काफी केयर की जरूरत होती है। घुंघराले बालों की केयर नहीं करने पर वो ड्राई हो जाते हैं और वजह से बालों के झड़ने की समस्या शुरू हो जाती हैं। जहां हर महिला चाहती हैं कि उसके घुंघराले बाल स्ट्रांग हो साथ ही वो खूबसूरत नजर आए तो ऐसे में जरूरी है बालों की सही तरीके से केयर करें। इस आर्टिकल में हम आपको कर्ली बालों की कैसे केयर करें ऐसी कई सारी टिप्स देने जा रहे हैं और इन टिप्स को फॉलो करने से आपके कर्ली बाल स्ट्रांग होंगे तो वहीं शाइन भी करेंगे।

**ऑइलिंग और साफ-सफाई है जरूरी :** कर्ली हेयर की केयर करने के लिए इनकी सफाई करना बहुत ही जरूरी है और इसके लिए जरूरी है बालों को धोना। बालो को धोने से पहले इनपर अच्छी तरह से तेल लगा लें और इसके लिए आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**कंडीशनर और शैम्पू का करें इस्तेमाल :** बालो को हफ्ते में 2 से 3 साफ करें और इसके लिए सही शैम्पू का चुनाव करें। वहीं शैम्पू का इस्तेमाल के बाद बालों पर कंडीशनर भी लगाए। वबाल धोने के दौरान बालों को रगड़ें नहीं बल्कि हल्की हाथों से मालिश करते हुए बालो को धोएं।

**पानी के तापमान का रखें ध्यान:** बालों को धोने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि बालों को न ज्यादा गर्म पानी से धोएं न ही ठंडे पानी से धोएं। बालों को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें ताकि बाल ड्राई न हो। वहीं अगर आप इस बात का ध्यान रखते हैं तो बाल स्ट्रांग और शाइनी होंगे ।

**बालों को करें ट्रीम :** कर्ली हेयर को समय -समय रहते हुए ट्रीम भी करें। ऐसा करें से दो मुंहे बालों की समस्या कम हो जाती है साथ ही बालों ग्रोथ भी बढ़ती हैं। वहीं बालों में चमक भी आती है।

**हीटिंग टूल्स का न करें इस्तेमाल :** कई बार ऐसा होता है जब हम बालों को सुखाने के लिए हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। बालों को सुखाने के हेयर ड्रायर का कम इस्तेमाल करें। हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करने से बाल कमजोर हो जाते हैं साथ ही बालों की शाइनिंग भी कम हो जाती है।

## पहननी है चिकनकारी कुर्ती तो ऐसे पूरा करें अपना लुक



जब भी गर्मी का मौसम आता है, तो लड़कियों को अपने कपड़ों की चिंता सबसे पहले सताती है। वो इस मौसम में ऐसे कपड़े पहनना चाहती हैं, जो पहनने में आरामदायक तो हों, लेकिन इससे उनके स्टाइल पर किसी तरह का प्रभाव न पड़े। ऐसे में वो इस तरह के ही कपड़ों का चयन करती हैं, तो कंफर्टेबल होने के साथ खूबसूरत भी दिखें। ऐसे कपड़ों में चिकनकारी कुर्ती को सबसे खास माना जाता है। चिकनकारी कुर्ती देखने में काफी क्लासी लगती है, और ये पहनने में काफी आरामदायक होती है। ऐसे में हर उम्र की महिला और लड़कियां चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद है, लेकिन आपको समझ नहीं आता, कि इसे कैसे स्टाइल करें, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको चिकनकारी कुर्ती को सही से स्टाइल करने का तरीका बताएंगे, ताकि गर्मी के मौसम में भी आपका लुक सबसे खूबसूरत दिखे।



### प्लाजो के संग पहनें

वैसे तो ज्यादातर लड़कियां चिकनकारी कुर्ता जींस के साथ ही कैरी करती हैं, लेकिन अगर आप ऐसा कुर्ता पहन रहीं हैं, तो उसके साथ प्लाजो पहनें। शिफॉन फैब्रिक का प्लाजो आपके लुक को खूबसूरत बनाएगा।

### हील्स लगेगी खूबसूरत

आप चाहें तो अपने लुक को पूरा करने के लिए हील्स कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी कुर्ते के साथ हील्स काफी स्टाइलिश लुक देगी। अगर आपको हील्स नहीं पसंद तो कोल्हापुरी चप्पल भी इसके साथ कमाल की लगेगी।

### कानों में झुमके


एथनिक के साथ हमेशा झुमके प्यारे ही लगते हैं, लेकिन अगर बात करें चिकनकारी कुर्ते की, तो उसके साथ आप इस तरह के ईयररिंग्स भी कैरी कर सकती हैं। ऐसे ईयररिंग्स देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं।

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो ये आप पर काफी जचेंगे। चिकनकारी कुर्ते के साथ अपने बालों को अलग आप खुला रखेंगी, तो आपका लुक कमाल का लगेगा। इसीलिए अपने बालों को खुला ही रखें, ताकि आपका लुक देखने में स्टाइलिश भी लगे।

## शादी के फंक्शन में पहनने के लिए परफेक्ट हैं ये आउटफिटस

शादी किसी भी की हो इस खास मौके पर आप हर महिलाएं खास नजर आना चाहती हैं। कई बार ऐसा होता है जब महिलाएं एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर पाती हैं। वहीं अगर आप भी शादी में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से शादी में पहनने के लिए एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। सी आर्टिकल में हम आपको एक्ट्रेसेस के आउटफिट के कुछ लुक दिखाएंगे और इन लुक ससे आप शादी में पहनने के लिए आइडिया ले सकती हैं।

**साड़ी:** अगर आप शादी में साड़ी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के लुक से आइडिया लके सकती हैं। एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर की साडी वियर की हैं और इस साड़ी में गोल्डन वर्क किया गया है। इस साडी के साथ अच्त्रेस्सने छूकर ज्वेल्लेरी पहनी है साथ ही बालों को एक साइड खुला करके स्टाइल किया है। वहीं आप भी इस तरह की साड़ी में वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको कई सरे डिजाइन में ऑनलाइन मिल जाएँगी साथ ही आप इन्हें ऑफलाइन भी खरीद सकती हैं। वी इस तरह की साड़ी आपको 1000 से 1500 रूपये में मिल जाएँगी।



**प्लाजो पैंट:** वहीं शादी के हल्दी फंक्शन के लिए आप इस तरह का येलो प्लाजो पैंट वियर कर सकती हैं और इस आउटफिट को किस तरह से स्टाइल करना हैं इसके लिए आप एक्ट्रेस हिना खान के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने बालों को खुला करके स्टाइल किया सतह ही एक्ट्रेस ने फुटवियर में हील्स पहने हैं। वहीँ सी तरह की ड्रेस आपको बाजार में सस्ते दाम में मिल जाएंगी साथ ही ऑनलाइन भी इस तरह की ड्रेस को 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। वहीँ किसी दरजी के पास से भी आप इस तरह की ड्रेस सिल्वा सकती हैं। वहीं मेहँदी फंक्शन के लिए आप इस तरह का सूट ग्रीन वेलवेट सूट वियर कर सकती हैं।

## अंगरखा सूट के साथ वियर करें ऐसी ज्वेलरी, दिखेंगी खूबसूरत

सूट के साथ जब आप ज्वेलरी वियर करती हैं तो इससे आपका लुक और भी अच्छा लगने लगता है। इसलिए आपको इसे ट्राई जरूर करना चाहिए। जब भी एथनिक आउटफिट की बात आती है तो सबसे पहले हम सूट को स्टाइल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इन्हें पहनना भी आसान होता है। साथ ही इसे हम कहीं भी पहनकर जा सकते हैं। लेकिन यह लुक भी तभी अच्छा लगता है जब हम इसके साथ अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को वियर करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके लुक में एक अलग ग्रेस आता है। साथ ही अलग-अलग ज्वेलरी स्टाइल करने का मौका मिलता है।

**अंगरखा सूट के साथ स्टाइल करें चोकर सेट:** अंगरखा सूट के साथ चोकर सेट अच्छा लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसकी नेकलाइन ही काफी अट्रैक्टिव होती है। इसमें आपको वी शेप की नेकलाइन मिलती है। जिससे सूट के साथ पहनी जाने वाली ज्वेलरी और भी खूबसूरत लगती है। आप सूट के साथ हैवी वर्क वाले चोकर सेट को स्टाइल कर सकती हैं। साथ में स्टड इयररिंग्स को पेयर करें। इसे और सुंदर बनाने के लिए हाथ में रिंग भी पहन सकती हैं। जिससे यह पूरा लुक खूबसूरत लगे। मार्केट में इस तरह की ज्वेलरी आपको 50 से 100 रुपये में मिल जाएगी।



**ऑक्सीडाइज्ड कंगन और इयररिंग्स सेट:** अंगरखा सूट के साथ जरूरी नहीं की आप हैवी नेकलेस को वियर करें। आप इसके साथ कंगन और इयररिंग्स को ही वियर कर सकती हैं। इसके लिए आपको ऑक्सीडाइज्ड कंगन और इयररिंग्स का सेट खरीदना होगा। इसके लिए आप मार्केट जाकर पटरी में बैठने वाले लोगों से इसकी शॉपिंग कर सकती हैं। इयररिंग्स आपको 50 रुपये और कंगन 100 रुपये में मिल जाएंगे।


कार्नर न्यूज

### नई दुल्हन के लिए जरूरी है लेटेस्ट फैशन के साथ लुक को भी निखारें

## शादी के बाद अपने स्टाइल से जीतें ससुराल वालों का दिल, कपड़ों से मेकअप तक का रखें ध्यान

शादी के बाद आप अपनी खूबसूरती को पहनावे, मेकअप और ज्वेलरी से और भी आकर्षक बना सकती हैं। जमाना फैशन का है, लेकिन शादी के बाद क्या आप अपने स्टाइल पर ध्यान देती हैं? शादी के दिन लड़कियां बहुत सुंदर दिखती हैं। वे महीनों से इस खास दिन के लिए तैयारी करती हैं, तब जाकर कहीं दुल्हन वाला निखार आता है लेकिन सिर्फ शादी के दिन सुंदर दिखने से काम नहीं चलेगा। जरूरी है शादी के बाद भी स्टाइलिश और आकर्षक दिखना, क्योंकि आप ही उस समय परिवार और आस-पड़ोस में आकर्षण का केंद्र होती हैं। ऐसे में आप किस तरह अपने लुक को खास बना सकती हैं और कैसे सबसे खास तथा खूबसूरत दिखें, इसके तरीके जान लें।







**कपड़ों का कलेक्शन:** साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिससे आप बेहतरीन पारंपरिक लुक पा सकती हैं। शादी के बाद कई ऐसी रस्में होती हैं, जिनमें आपको साड़ी पहननी होती है। ऐसे में दुल्हन पर गहरे रंग के साथ बनारसी साड़ी, सिल्क साड़ी और कांजीवरम साड़ी अधिक जंचती है और रॉयल लुक देती है। वहीं चिकनकरी साड़ी वजन में हल्की होती है। आजकल नेट भी फिर से ट्रेंड में है तो आप हल्के वर्क के साथ नेट की साड़ी भी पहन सकती हैं, लेकिन ध्यान रहे कि इस तरह की साड़ी पहनते समय आप इसे सही से पिनअप करें, ताकि उसे आसानी से संभाल पाएं। आप फैमिली फंक्शन के लिए डिजाइनर लाचा एवं लहंगा भी कैरी कर सकती हैं। वहीं, आप सूट में फ्लोरल सूट, अनारकली सूट, हैंड ब्लॉक प्रिंटेड सूट, नेक वर्क वाले सूट और स्ट्रेट कट सूट का कलेक्शन जरूर रखें। यदि आप चटक रंग पहनती हैं तो जरूर पहनें, क्योंकि शादी के बाद ऐसे रंग आपके निखार को और भी बढ़ा देते हैं।

**ड्रेस के अनुसार ज्वेलरी:** यदि आप रॉयल लुक साड़ी पहनती हैं तो उसके साथ पुराने डिजाइन या नए डिजाइन की गोल्ड ज्वेलरी भी बहुत फबती है। साथ ही चोकर सेट भी आपके लुक में चार चांद लगा देती है, इसलिए इसे अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। लाइट वेट साड़ी के साथ आप मैचिंग ज्वेलरी पहनें तो बेहतर होगा। सूट के साथ भी आप गोल्ड चेन, लाइट नेकलेस या मैचिंग/मेटालिक हैवी ईयररिंग पहन सकती हैं।

**हेयरस्टाइल:** शादी के बाद हेयरस्टाइल को लेकर नई-नवेली दुल्हनें काफी परेशान रहती हैं। इसलिए साड़ी या किसी भी तरह के आउटफिट के साथ अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप आसान और डिफरेंट हेयरस्टाइल, जैसे साइड रैप बन, साइड ब्रेड हेयर स्टाइल, लो बन, हाई वेवी पोनी टेल या वेवी हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

20- APR-Jash-RAGH--CORIYA-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/20/2024 7:48 PM Page 1





# रहमान के ऑस्कर विनिंग गाने को सुखविंदर ने किया था कंपोज

**मुंबई।** एआर रहमान को भले ही डैनी बॉयल की 2008 की ब्रिटिश फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के गाने 'जय हो' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड मिला हो, लेकिन इस ट्रैक की धुन को गायक सुखविंदर सिंह ने कंपोज किया था। इतना ही नहीं, इस गाने को स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए नहीं बल्कि सुभाष घई की एक फिल्म के लिए कंपोज किया गया था। एक इंटरव्यू में एआर रहमान के पूर्व सहयोगी और फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने गाने से जुड़े राज खोले हैं। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि 'जय हो' गाने को सुभाष घई की साल 2008 में आई फिल्म 'युवराज' के लिए कंपोज किया गया था।

लाइफ Style

# मलाइका

## सोशल मीडिया पर हो रही हैं ट्रोल



बॉलीवुड दिवा मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री अपने बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट 'डंब बिरयानी' में दिखाई दीं। अरहान का यह पॉडकास्ट पिछले कुछ समय से लोगों का ध्यान खींच रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने अपने बेटे से ऐसा सवाल किया, जिसे सुन लोग भड़क गए हैं और अब मलाइका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। पॉडकास्ट पर अपनी उपस्थिति के दौरान मलाइका और अरहान एक गेम में शामिल हुए, जहां दोनों ने एक-दूसरे से कई सवाल पूछे और अगर वे जवाब देने में असफल रहे, तो उन्हें 'मिर्ची का सालन' का शॉट लेना पड़ा या हरी मिर्च काटनी पड़ी। इस दौरान मलाइका ने अपने 22 वर्षीय बेटे से उनके शरीर की गिनती के बारे में पूछा, जिसका मतलब है कि वह अब तक कितनी महिलाओं के साथ संबंध बना चुके हैं।

मलाइका ने आगे कहा, मुझे ईमानदारी से जवाब दो... बस मुझे जवाब दो... मुझे एक नंबर चाहिए।" हालांकि, आश्चर्य दिख रहे अरहान ने सवाल का जवाब नहीं देने का फैसला किया और इसके बजाय 'मिर्ची का सालन' शॉट खा लिया। अब अभिनेत्री के इस सवाल पर सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर संस्कार कहां गए हैं। यह अपने बेटे से ऐसे सवाल कैसे पूछ सकती हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह कैसा पॉडकास्ट है। मां-बेटे के रिश्ते की गरिमा कहां गईं।' एक और यूजर ने लिखा, 'यह सब देख कर दिमाग ही खराब हो गया है।'

हॉलीवुड मसाला



# फिल्म 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** वार्नर ब्रदर्स ने एम. नाइट श्यामलन की नवीनतम मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर इसकी धूम देखने को मिल रही है। 'ट्रैप' में जोश हार्टनेट, सालेका श्यामलन, हेले मिल्स और मार्नी मैकफेल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। आधिकारिक लॉगलाइन के अनुसार, 'ट्रैप' एक पिता और किशोरी बेटी की कहानी है जो एक पॉप कॉन्सर्ट में भाग ले रहे हैं। कॉन्सर्ट में उन्हें एहसास होता है कि वे एक अंधेरे और भयावह घटना के केंद्र में हैं।



# सिडनी स्वीनी 'सुंदर नहीं' कमेंट पर भड़कीं एक्ट्रेस

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी ने हॉलीवुड के टॉप प्रोड्यूसर कैरोल बॉम को जमकर लताड़ लगाई है। दरअसल, कैरोल बॉम ने हाल ही में सिडनी स्वीनी पर कमेंट करते हुए कहा था कि 'वह सुंदर नहीं हैं' और कोई हैं, 'जो एक्टिंग नहीं कर सकती हैं'। दिग्गज निर्माता कैरोल बॉम ने एक इवेंट में 'यूफोरिया' और 'व्हाइट लोटस' की स्टार सिडनी स्वीनी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने एक्ट्रेस की हिट रॉम-कॉम 'एनीवन बट यू' की भी आलोचना की थी। अब सिडनी स्वीनी की तरफ से उनके रिप्रेजेंटेटिव ने वैरायटी को एक बयान दिया है। इस बयान में कहा गया, ''यह कितना दुखद है कि एक महिला अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने की बजाय दूसरी महिला पर हमला करना चुनती है।



# अंधविश्वासी निर्देशक के बारे में विद्या का खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वह लगातार इस फिल्म के लिए इंटरव्यू भी दे रही हैं। इसी बीच विद्या बालन ने एक ऐसी घटना के बारे में बताया जिसे सुनकर आप भी कहेंगे अब तो हद ही हो गई। दरअसल, विद्या बालन ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म से जुड़ा एक किस्सा बताया। यह उस समय की बात है जब विद्या बॉलीवुड के अलावा तमिल सिनेमा में भी काम किया करती थी। उस दौरान उनके साथ एक ऐसी बात हुई जिसका खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान किया। विद्या ने कहा, ''मैं फिल्म की शूटिंग के लिए सेट पर रोजाना जाया करती थी, और मुझे सुनने में आया कि मेरे फिल्म का निर्देशक 42 दिनों से एक ही शॉर्ट्स लगातार पहनकर आ रहे हैं।



# फिर दिखा किंग खान का खास अंदाज

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान हर तरह से अपनी टीम के खिलाड़ियों के साथ नजर आते हैं। अपना समय निकालकर वह न सिर्फ मैदान में मैच देखने पहुंच रहे हैं, बल्कि मैच के बाद खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाते भी दिखाई देते हैं। हाल ही में ऐसा ही कुछ एक बार फिर देखने को मिला। शाहरुख खान की एक तस्वीर सामने आई है। इसमें वह केकेआर के खिलाड़ी सुनील नरेन और उनकी पत्नी के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शाहरुख खान के एक फैन पेज से साझा किया गया है। इसमें शाहरुख खान को नरेन और उनकी पत्नी अंजेलिया के बीच बैठे हुए देखा जा सकता है। तीनों कैमरे को पोज दे रहे हैं। शाहरुख ने सफेद शर्ट और ट्राउजर पहना है। वहीं, सुनील कैजुअल लुक में हैं।

टीवी मसाला



# नहीं कर सकता बोल्ड बेडरूम सीन

मुंबई। गुम है किसी के प्यार में शो के लीड एक्टर शक्ति अरोड़ा फीमेल फैन्स के बीच काफी पॉप्युलर हैं। सीरियल के ईशान सर सबका क्रश बन चुके हैं। दर्शक इंतजार कर रहे हैं कि ईशान और सवि के बीच रोमांटिक सीन दिखाए जाएं। इस बीच शक्ति अरोड़ा ने बेडरूम सीन्स पर अपने विचार रखे। उनका कहना है कि इंडियन एक्टर्स पर ये सब सूट नहीं करता है। शक्ति अरोड़ा स्टार प्लस का लोकप्रिय चेहरा हैं। गुम है किसी के प्यार में सीरियल में उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। लोग उनके साथ सवि का रोमांस देखने के लिए बेकरार हैं लेकिन शक्ति का कहना है कि रोमांस तक ठीक है लेकिन वह टीवी पर बेडरूम वाले इंटीमेट सीन करने से बचते हैं। शक्ति अरोड़ा ओटीटी शोज की बात कर रहे थे।

# अब इंडस्ट्री में पक्षपात बहुत है... 'चंद्रकांता' के कुंवर विक्रम

**मुंबई।** 90 के दशक के मशहूर धारावाहिक 'चंद्रकांता' में कुंवर विक्रम सिंह का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता शाहबाज खान बीते लंबे समय से पर्दे से दूर हैं। चंद्रकांता के अलावा उन्होंने 'बेताल पच्चीसी' में बेताल की भूमिका निभाकर भी खूब




वाहवाही बटोरी। इसके अलावा उन्हें 'राम सिया के लव-कुश', 'युग', 'अफसर बिटिया', 'कर्मफल दाता शनि' जैसे सीरियल में दमदार अभिनय से लोगों का दिल जीतते देखा जा चुका है। एक वक्त पर अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों का भी हिस्सा रहे। हालांकि, आजकल वह पर्दे से गायब हैं। वहीं अब अभिनेता ने खुद इसके पीछे का असली कारण बताकर हर किसी को दंग कर दिया है। शाहबाज खान ने 'राजू चाचा', 'चल मेरे भाई', 'बादल', 'जय हिंद' और 'मेहंदी' जैसी फिल्मों में काम किया है। अभिनेता को उनके नेगेटिव रोल के लिए याद किया जाता है। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा लोकप्रियता 'चंद्रकांता' में निभाए कुंवर विक्रम सिंह के किरदार से मिली।

# दुबई से हैदराबाद लौटे महेश बाबू और राजामौली



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार महेश बाबू इन दिनों फिल्म निर्माता एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी शीर्षक एसएसएमबी 29 है। महेश बाबू और एसएस राजामौली को आज शुक्रवार की सुबह हैदराबाद लौटते देखा गया। उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया। एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में महेश बाबू और एसएस राजामौली एयरपोर्ट से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि दोनों दुबई से लौट रहे थे। फिलहाल फिल्म एसएसएमबी 29 अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है। महेश बाबू, एसएस राजामौली और निर्माता केएल नारायण दुबई से लौटने पर आज सुबह राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखे गए। काफी समय हो गया है, जब प्रशंसकों को महेश बाबू और एसएस राजामौली को एक साथ देखने का आनंद मिला है।

# सकीना को पसंद आया तारा सिंह का नया लुक



**मुंबई।** सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी फिल्म 'गदर' में खूब हिट रही है। असल जिंदगी में भी दोनों सितारे काफी अच्छे दोस्त हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर दोनों एक-दूसरे के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ एक बार हाल ही में देखने को मिला। दरअसल, सनी देओल ने सोशल मीडिया पर अपनी एक ताजा तस्वीर साझा की है। इस पर अमीषा पटेल के कमेंट ने यूजर्स का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है। अभिनेता सनी देओल सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। अक्सर वह अपने प्रशंसकों के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते दिखते हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह डेनिम शर्ट पहने दिख रहे हैं। इस पर अभिनेता के प्रशंसकों ने कमेंट की झड़ी लगा दी। कई बॉलीवुड सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी। वहीं, अमीषा पटेल का कमेंट सबसे खास लगा। अभिनेत्री ने सनी देओल की तारीफ में लिखा, 'सबसे शानदार, सबसे हैंडसम'।

# 'दो और दो प्यार' के निर्माताओं का दर्शकों को बड़ा तोहफा



मुंबई। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' आखिरकार आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शुरुआती तौर पर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं अब फिल्म के निर्माता फिल्म की रिलीज के पहले दिन ही दर्शकों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आए हैं, जो फिल्म की टिकट से जुड़ा हुआ है। अब दर्शक एक टिकट कीमत पर दो टिकट खरीद सकते हैं। दरअसल, निर्माताओं ने नया ऑफर जारी किया है। निर्माता एक टिकट खरीदने पर एक मुफ्त टिकट का ऑफर लेकर आए हैं। अब दर्शकों को 'दो और दो प्यार' की एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त मिल रहा है।

# यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित होंगी शबाना-करिश्मा



*मुंबई। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाला दक्षिण एशियाई फिल्म महोत्सव है। वहीं, अब इसके 26वें संस्करण पर बड़ा अपडेट सामने आया है। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2024 का आयोजन 2 से 12 मई तक लंदन, लीसेस्टर और ऑक्सफोर्ड में किया जाएगा। वार्षिक कार्यक्रम में कुछ बॉलीवुड हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसकी सूची इस प्रकार है- 26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शबाना आजमी और करिश्मा कपूर सहित प्रमुख हस्तियों को भारतीय सिनेमा में उनकी भूमिकाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। 'क्लाइमेट ऑफ चेंज' थीम पर आधारित यह महोत्सव लंदन में बीएफआई आईमैक्स में रुमाना मोल्ला की इंडो-बेल्जियन फिल्म 'मिनिमम' के प्रीमियर के साथ शुरू होगा। वहीं, भारतीय अभिनेता अंशुमन झा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का यूके प्रीमियर भी इस साल के यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में होगा।*

## शबाना की प्रसिद्ध फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग



26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में शबाना आजमी की सबसे प्रसिद्ध फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ उनके इंडस्ट्री में 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा, जिसमें उनकी पहली फिल्म 'अंकुर', दीपा मेहता की 1996 की रोमांटिक फिल्म 'फायर' और उनकी सबसे हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' शामिल है। प्रत्येक स्क्रीनिंग के बाद शबाना आजमी मंच पर बातचीत करेंगी।

## कविता को भी मिलेगा सम्मान

करिश्मा कपूर, प्लेबैक सिंगर कविता कृष्णमूर्ति और डिजाइनर रीना ढाका के कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान करिश्मा कपूर और कविता कृष्णमूर्ति को सिनेमा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस साल के उत्सव की थीम के अनुरूप रीना ढाका पिछले कुछ सालों के अपने सबसे प्रतिष्ठित रनवे शो के साथ-साथ फैशन, स्थिरता और अपने करियर प्रक्षेप पर चर्चा करेंगी। जानकारी हो कि ढाका के जरिए डिजाइन किए गए आउटफिट नाओमी कैंपबेल और उमा थुरमन द्वारा पहने जा चुके हैं।

# राजकुमार के साथ आमिर लॉन्च करेंगे गाना 'पापा कहते हैं 2.0'




**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' का गाना 'पापा कहते हैं' काफी पसंदीदा गाना रहा है। दर्शकों को आज भी यह गाना काफी पसंद है। ऐसे में आमिर ने इस गाने को पसंद करने वाले को एक बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, आमिर खान अपने 'पापा कहते हैं' गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। इस खबर से आमिर के फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। इस गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए इसे 'पापा कहते हैं 2.0' नाम दिया गया है। राजकुमार राव और अलाया एफ की आगामी बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में इसे गाने को दिखाया जाएगा। दर्शकों को इस गाने का बेसब्री से इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में एक शानदार इवेंट में आमिर खान इस गाने को लॉन्च करेंगे। इसके साथ ही दृष्टिबाधित पेशेवर बैंड के सदस्यों द्वारा इसका लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# अब ताकतवर व्यवधान से ही मिलेगी गर्मी से राहत

# झुलसाने लगी पश्चिमी हवा की गर्मी, दिन का पारा पहली बार पहुंचा 40.5 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक सप्ताह की राहत के बाद अब गर्मी के तेवर शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ी तथा दिन का तापमान चालु सीजन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मौसम कार्यालय द्वारा शक्रवार को दिन का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकार् किया गया है जो इस वर्ष का सर्वाधिक तापमान है। सरगुजा में अप्रैल के महीने से भीषण गर्मी की शुरूआत हो जाती है तथा तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इस बार लगातार पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में उलटफेर होता रहा। लम्बे समय तक पछुआ विक्षोभ के प्रभावशील होने से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने के कारण एक सप्ताह तक गर्मी से राहत रही। इस दौरान दिन व रात का तापमान औसत से नीचे रहने के कारण गर्मी महसुस नहीं हुई। अभी भी उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है जिसका प्रभाव 2-3 दिन में सरगुजा पहुंचने की संभावना है। हालाकि सरगुजा में विक्षोभ का खास प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। इस दौरान आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं तापमान में आंशिक कमी आने की संभावना है। वर्तमान में कोई सिस्टम गतिशील होने की भी संभावना नहीं है। ऐसे में अब मानसून के दस्तक देने तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। गर्मी के मौसम में पछुआ विक्षोभ सहित अन्य मौसमी व्यवधानों के कारण बेमौसम बारिश होने के कारण मौसम में बदलाव होने के साथ ही गर्मी से राहत मिलती है। फिलहाल न तो बंगाल की खाड़ी में कोई हलचल है न ही अंडमान सागर में ही कोई सिस्टम है। लगातार पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की गर्म हवाएं पहुंच रही है जिससे फिलहाल कोई मौसमी व्यवधान आने की संभावना नहीं है। ऐसे में अब किसी ताकतवर विक्षोभ या अन्य व्यवधान के उत्पन्न होने या फिर मानसून की गतिविधियां प्रारम्भ होने पर ही गर्मी की तपिश से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञानी फिलहाल चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी एवं दिन के तापमान में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इसके पूर्व मौसम कार्यालय द्वारा 4 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री रिकार्ड किया गया था। इसी दौरान पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से तापमान गिरने के कारण गर्मी से राहत मिली थी।

**खास बात**

- सरगुजा में पछुआ विक्षोभ का नहीं पड़ेगा खास प्रभाव



दोपहर के समय सूनसान सड़क।

**रात में गर्मी से राहत**

दो दिन पूर्व तक रात में भी गर्मी से राहत नहीं थी तथा रात का तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। पिछले तीन दिनों से रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है जिसके कारण गर्मी से राहत है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को रात का तापमान 22.2 डिग्री एवं बुधवार को 21.2 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो शुक्रवार को गिरकर 19.8 डिग्री पहुंच गया है। फिलहाल राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा एवं पश्चिमती मध्यप्रदेश लू की चपेट में है। हालाकि मौसम विज्ञानी अभी सरगुजा में लू का प्रभाव नहीं पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं लेकिन जिस तरह से धूप की तपिश बढ़ रही है आगामी दो-तीन दिन तक दिन के तापमान में और अधिक वृद्धि होने का अनुमान

**पिछले साल अप्रैल में थी राहत**

पिछले साल अप्रैल के महीने में गर्मी से राहत थी। लगातार मौसमी व्यवधान आने के कारण पिछले साथ अप्रैल का मौसम सामान्य था तथा पूरे महीने में मात्र 1 दिन का तापमान 40 डिग्री के निकट पहुंचा था। इस दौरान 18 अप्रैल 2023 के दिन अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री रिकार्ड किया गया था। इसके विपरीत वर्ष 2022 में अप्रैल के महीने में भीषण गर्मी पड़ी थी तथा लगातार 15 दिनों तक दिन का तापमान 40 डिग्री या इसके ऊपर रहा था। इस बार भी अप्रैल के शेष बचे दिनों में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है।

## खबर संक्षेप

### मतदाताओं को जागरूक करने शिक्षकों ने निकाली बाइक रैली



**सूरजपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास द्वारा शिक्षकों की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से शिक्षक शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो को प्रेरित करेंगे। रैली प्यूरी चौक ,बाजार चौक और चांदनी चौक से होते हुए बाइक रैली सुभाष चौक तक निकाला गया। मतदान के प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया था। साथ ही मितानिन, शिक्षक, स्काउट गाइड एवं समूह के महिलाओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर 2 कर्मचारी निलंबित

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 नियुक्त कर विकासखण्ड स्तर पर मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 18 एवं 19 अप्रैल को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विकासखण्ड राजपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदीकला के व्याख्यता संतोष कुमार वर्मा, पीठासीन अधिकारी व शासकीय प्राथमिक शाला करंवा के प्रधान पाठक वीरेन्द्र बड़ा, मतदान अधिकारी क्रमांक 1 बगैर सूचना के अनुपस्थित रहे। उनके द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरती गयी। उनके इस कृत्य के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा व्याख्यता संतोष कुमार वर्मा व प्रधान पाठक वीरेन्द्र बड़ा का लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13गग, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 (1), (1क) (2) (3) एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 एवं 7 के विपरीत होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इन कर्मचारियों का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय बलरामपुर नियत किया गया है तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### दो साल तक पिता करता रहा बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** रिश्ते को शर्मशार करने घटना सामने आई है। राजपुर पुलिस ने पत्नी की मौत के नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। आरोप लगातार दो वर्षों से बच्ची का दैहिक शोषण कर रहा था। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग की माता की मृत्यु हो गई थी। मां की मौत के बाद आरोपी पिता लगातार दो वर्षों से दैहिक शोषण कर रहा था। आरोपी ने बच्ची को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दो साल तक प्रताड़ना झेलने के बाद बच्ची ने घटना की जानकारी दो दिन पूर्व अपनी बड़ी मां को दी जिसके बाद बड़ी मां बच्ची को लेकर थाने पहुंची थी। बच्ची की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ 76 (एबी), 376 (2) (एन), पॉक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत अपराध दर्ज कर जांच की और जांच उपरान्त गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



भ्रमण करती कॉलेज की छात्राएं।

# कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने कृषि प्रक्षेत्र का किया भ्रमण

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशानुसार एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने विषय सोशल आऊटरीच एंड स्कील डेव्हलपमेंट विषय के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण पर कृषि विज्ञान केन्द्र सलका प्रक्षेत्र बैकुंठपुर का विस्तार पूर्वक भ्रमण एवं अध्ययन किया।

महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र संकाय के विभाग प्रमुख वरूण कुमार कुशवाहा एवं विनय कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संकाय की समस्त छात्राओं ने उक्त मशरूम उत्पादन, जल संवर्धन, कंपोस्ट उर्वरक, औषधीय पौधों का अध्ययन एवं प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कमलेश सिंह एवं उनके सहयोगी वैज्ञानिक डॉ. केशवराज हंसा, शिक्षक विजय अनंत के द्वारा छात्राओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मशरूम उत्पादन के द्वारा आजीविका के स्त्रोत के रूप में अपनाए जाने के समस्त पहलुओं पर विस्तार से ज्ञानार्जन छात्राओं द्वारा किया गया। मशरूम के विभिन्न प्रकारों से लेकर उसके उत्पादन की पूरी प्रक्रिया एवं क्रियाविधि को छात्राओं के द्वारा समझा गया। नियमानुसार समस्त सावधानी रखते हुए शिक्षक विजय अनंत ने प्रक्षेत्र का बाहरी भ्रमण छात्राओं एवं शिक्षकों को करवाया एवं आवश्यक उपकरणों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्रदान किया। अंत में शिक्षकों द्वारा महाविद्यालय प्रशासन की ओर से कृषि विज्ञान केन्द्र, सलका प्रक्षेत्र के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राएं वर्षा कुर्रे, गायत्री, साक्षी अरिना बेक, अमृता सिंह, सुमनलता सिंह, साक्षी, तारा, मीना, गायत्री राजवाड़े, राजकुमारी यादव, प्रियंका, इंजोरिया, रेशमा, अनिता,पूजा, मनीषा, नेहा, शिखा, ज्योति,जनिता, सरोज, प्रीति, ललिता, ममता समस्त छात्रा भ्रमण में शामिल रही।

# जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का प्रशिक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल के निर्देशानुसार जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति का प्रशिक्षण जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। इसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा एवं मीनहाज अंसारी के द्वारा समिति के कार्य एवं उत्तरदायित्व को विस्तार से बताया गया। यह समिति प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, पैड न्यूज का बारीकी से निगरानी करेगी, जिसका उल्लंघन होने पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से अभ्यर्थी को नोटिस दिलवाएगी। इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में आने वाले राजनीतिक विज्ञापन के लिए अभ्यर्थी को एमसीएमसी कमेटी से अनुमति प्राप्त करनी होगी। अनुमति मिलने के बाद ही ये राजनीतिक विज्ञापन इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में प्रकाशित किए जाएंगे। मतदान दिवस के 1 दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में आने वाले राजनीतिक विज्ञापन के लिए इस समिति से पूर्व प्रमाणन किया जाना आवश्यक होगा।

यह समिति टेलीविजन चैनल, केबल नेटवर्क, सिनेमाघर, ई-समाचार पत्र, रेडियो, निजी एफएम सहित, सोशल प्लेटफार्म पर किए जाने वाले विज्ञापन, फेसबुक, व्हाट्सएप, एसएमएस, यूट्यूब पर आने वाले विज्ञापन का बारीकी से मॉनिटरिंग करेगी। पैड न्यूज और फेक न्यूज पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मतदान के 48 घंटे पूर्व बल्क एसएमएस प्रतिबंधित रहेगा।

### जमदेई में दसवीं की छात्रा ने घर में लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** गुरुवार शाम जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जमदेई निवासी दसवीं की छात्रा ने घर में फांसी लगा खुदकुशी कर ली है ।सूचना पर पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम किया है।पुलिस ने बताया कि ग्राम जमदेई निवासी दसवीं की छात्रा दीपा यादव आत्मज शंभू यादव 17 वर्ष कल घर में अकेली थी इसी दौरान अचानक शाम छह से सात बजे के बीच घर के आँगन का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।बताया गया कि उसके माता पिता उनके किसी रिश्तेदार के निवास विवाह समारोह में शामिल होने गए थे,इसी दौरान छात्रा ने खुदकुशी कर ली।नाबालिग युवती ने आत्महत्या किन कारणों से की है पुलिस इसकी जांच कर रही है।पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है।

# एसईसीएल कर्मचारियों को मतदान की दिलाई गई शपथ





रैली में शामिल अधिकारी-कर्मचारी।

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार स्वीप नोडल अधिकारी नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिले के समीपवर्ती कोयलांचल क्षेत्र एसईसीएल हसहदेव क्षेत्र के झगराखांड़ उपक्षेत्र के खोंगापानी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण कुमार एक्का नगर पंचायत खोंगापानी के द्वारा नजदीकी कोयलांचल क्षेत्र की कोयला खदान परिसर में पहुंच कर प्रथम पाली में कार्यरत कॉलरी कर्मचारियों को लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत कोयलांचल क्षेत्र खोंगापानी में कॉलरी श्रमिकों के कार्य स्थल पर ही मतदान करने की शपथ दिलाई गई और मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और स्लोगन-नारे के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान मतदाताओं को जागरूकता अभियान में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरक संदेश दिया गया। देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पूर्ण आस्था रखते हुए भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र एवं भाषा से भेदभाव किए बगैर तथा किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई गई।



# सामुदायिक भवन के सामने गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

सामुदायिक भवन के सामने आज दोपहर उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई जब अचानक मुख्य मार्ग पर पेड़ गिर गया। सड़क पर राहगीर कम होने तथा पेड़ के आसपास खड़े लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। हो की स्थानीय सामुदायिक भवन स्टेडियम ग्राउंड रोड भीड़ भाड़ वाली स्थान पर अचानक से आज दोपहर में पेड़ गिर जाने के कारण जहां यातायात घंटों बाधित रही। शुक्रवार प्रतापपुर में बाजार लगने के कारण काफी भीड़ होती है। पेड़ के गिर जाने से यातायात को बाधित हुई वही पेड़ गिरने के चपेट में आते आते कई लोग बचे नहीं तो आज बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। पेड़ को गिरते आसपास मौजूद लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई।

# कांग्रेस व इंडिया गठबंधन लड़ रही संविधान को बचाने की लड़ाई : सुश्री खेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ की मीडिया प्रभारी सुश्री राधिका खेड़ा ने कहा कि इस बार हम एक भीषण चुनाव लड़ रहे है। भीषण इस लिए क्यों कि यह लड़ाई हार जीत और सत्ता पाने की नहीं बल्कि संविधान को बचाने की लड़ाई है। कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन संविधान को बचाने का प्रयास कर रही है। सुश्री खेड़ा आज जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जाकर मतदाताओं से कह रहे है कि हमें 400 सीट लाने में मदद करें क्यों कि हमें संविधान बदलना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने जनता के हित में एक आरक्षण बिल लाया था जिसे सदन से मंजूरी मिल गई लेकिन राज्यपाल ने बिल पर हस्ताक्षर नहीं किया। प्रदेश में राज्यपाल बदल गए, सरकार बदल गई लेकिन आरक्षण बिल अभी भी टेबल पर धूल खा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी विरोधी है और यह पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस ने देश में बेरोजगारों को राहत देने के लिए 30 लाख युवाओं को रोजगार प्रदान करने का वादा किया है। महिलाओं को साल में एक लाख रुपए प्रदान किया जाएगा। कांग्रेस नौकरी में दस प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को शिक्षा में भी दस प्रतिशत का आरक्षण देगी। सुश्री खेड़ा ने कहा हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे। हमारी सरकार आने पर कांग्रेस यह तय करेगी कि सभी राज्यों में मनरेगा के तहत न्यूनतम 400 रुपए का मजदूरी भुगतान प्रतिदिन किया जाए। कांग्रेस व इण्डिया गठबंधन की सरकार आने पर जातिगत जनगणना कराई जाएगी। सरगुजा के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय के सीएम पद की शपथ लेने से पहले ही हसदेव जंगल में 18 हजार पेड़ों की बलि दे दी गई अभी तीन लाख पेड़ और काटे जाने है। चिंतामणी महाराज पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने चिंतामणी महाराज के नाम पर आरोप पत्र जारी किया, कोयला घोटाले को लेकर ईडी, सीबीआई की चार्जशीट में डाला नाम डाला लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद चार्जशीट से नाम हट गया ।





## निधन

### करम सिंह



**बैकुण्ठपुर।** शहर के स्थानीय मॉडल स्कूल के छात्रावास अधीक्षक करम सिंह का शनिवार को हृदय गति रूकने से आकस्मिक निधन हो गया। स्व. सिंह के निधन की खबर सुनते ही परिजन एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। स्व. सिंह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र, दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। स्व. सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार की शाम गृहग्राम सूरजपुर जिले प्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम खड़गवां में किया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

(आशीष कुमार प्रति छ.ग. शासन)

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्रं. /अ-2/2023-24

ग्राम/नगर लाई की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशीष कुमार आ. विजय प्रसाद, निवासी-ग्राम बांधपारा चरचा, तहसील बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत प.ह.नं. 04, ग्राम लाई में स्थित भूमि खसरा नं. 187/2 रकबा 0.5670 हे., भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में खातेदार के रूप में दर्जशुदा एवं कब्जेदार भूमिस्वामी है। आवेदक उक्त भूमि में से रकबा 50 डिसमिल का औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन का आवेदन पत्र मय बी-वन, खसरा नक्शा, पटवारी नजरी, ब्ल्यूपिंट नक्शा ग्राम पंचायत के अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 29/04/2024 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**

## पेज 1 का शेष

### रामनवमीं पर निकली ...

मन में विराजमान हैं। वे सभी प्राणीजन के आधार तत्व हैं। वे अखिल ब्रह्मांड के नायक व सबके पालनहार हैं। शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रीराम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की पूजा-अर्चना, आरती की गई। जगन्नाथ मंदिर व शिव मंदिर के पंडित के द्वारा श्रीराम दरबार की पूजा-अर्चना की गई। शुक्ला मेडिकल स्टोर पोड़ी के द्वारा शर्बत व चाय नाश्ते का प्रबंध किया गया। शोभायात्रा में महिलाएं-पुरुष हाथों में केसरिया ध्वज लेकर श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। अंत में शोभायात्रा प्राचीन शिव मंदिर व सिद्धबाबा पहाड़ी स्थित गुफा स्थल तक गई, जहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने हीरालाल शर्मा, गौरव शर्मा, उमेश पात्रे, सुकांत, सागर पढियार, आदर्श, सुनील, राजीव, दुर्गा प्रसाद, पप्पू नाहक, अनिल, चितर्शन, भविष्य, राजकुमार, आकाश, ध्रुव सहित अन्य लोग सक्रिय रहे।

### रामानुज महाविद्यालय...

दीपशिखा मिश्रा, शंभू रैदास रहे । अंत में प्राचार्य ने सभी को मतदाता शपथ दिलाया और कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिन्हें पांच वर्ष में एक बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलता है। संचालन जिला स्वीप समिति के सदस्य प्रो.एमसी हिमधर एवं स्वीप नोडल प्राध्यापक अनुरंजन कुजूर ने किया। आभार प्रदर्शन निर्वाचन साक्षरता क्लब के प्रभारी डॉ. जीके मिश्र ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज कैम्पस एम्बेसडर आकाश सिंह एवं संगीता यादव सक्रिय रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, स्टॉफ मो. आरीफ ढेबर, राधेश्याम पटेल, अर्चना द्विवेदी, कंचन जायसवाल, राजकुमार राजवाड़े सहित राष्टीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयं सेवक रीनू साहू, साक्षी गुप्ता, वैशाली, ममता सिंह, ज्योति, तौफिक खान, अर्पणा सिंह, संजना, आरती कुर्रे सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

### ब्राह्मण समाज ने ...

इस दौरान ब्राह्मण समाज कोरिया के अध्यक्ष बृजनारायण मिश्रा ने बटुकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वैदिक धर्म में यज्ञापोवित दशम संस्कार है। इस संस्कार में बटुक को गायत्री मंत्र की दीक्षा दी जाती है और यज्ञोपवीत धारण कराया जाता है। ब्राह्मण समाज कोरिया के सचिव योगेन्द्र मिश्रा ने कहा कि समाज द्वारा पिछले वर्ष से उपनयन संस्कार कराया जा रहा है। इसमें परिजन को इस संस्कार के लिए अतिरिक्त खर्च वहन नहीं करना पड़ता, समाज के द्वारा आपसी सहयोग से उक्त आयोजन किया जा रहा है, इससे विप्र परिवार को लाभ मिल रहा है, जबकि व्यक्तिगत तौर पर उपनयन संस्कार करने में एक बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। अधिक खर्च से बटुकों के परिजन को मुक्त रखने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा लगातार दूसरे वर्ष उपनयन संस्कार आयोजित किया गया, जहां मामूली खर्च पर भोजन आदि की व्यवस्था के साथ वैदिक विधान से संस्कार संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर समाज के संरक्षक रविशंकर शर्मा, जयनाथ बाजपेयी, वेदांती तिवारी, केडी त्रिपाठी, अखिलेश मिश्रा, बीके पांडेय, एसएस दुबे, नरेश तिवारी, कौशलेन्द्र त्रिपाठी, ध्रुवनाथ तिवारी, शैलेन्द्र शर्मा, सत्यप्रकाश तिवारी, नितिन शर्मा, राजीव पाठक, प्रमोद अवस्थी, शंभू दयाल शुक्ला, रामसागर तिवारी, चंद्रशेखर अवस्थी, रामप्रकाश तिवारी, रुद्र मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी, शिब्बू मिश्रा, राहुल मिश्रा, विवेकानंद पांडेय, अभिषेक द्विवेदी, विवेकानंद चौबे, देवव्रत पांडेय, करुणा त्रिपाठी, रूपेश तिवारी, राघवेन्द्र तिवारी, अनुराग दुबे, विकास शुक्ला, हिमांशु अवस्थी, महिला इकाई जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना शर्मा, अनिल मिश्रा, अवनीश मिश्रा, सरोज पांडेय, बालेन्द्र मिश्रा, सत्यनारायण मिश्रा, जितेन्द्र पांडेय, सुनील दुबे, विकास चौबे, निलेश पांडेय, रविशंकर पांडेय गुड्डा, भोलू चौबे, प्रदीप द्विवेदी, रामनरेश सहित काफी संख्या में विप्र शामिल हुए।





